Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2570006

Web: www.kanpuruniversity.org

OFF.
V.C. : 2581280
REGI.: 2580044

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

KALYANPUR, KANPUR-208024
कल्याणपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ सं०: सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰/सा॰प्रशा॰/5310/2021 दिनांक : 11/10/2021

सेवा में,

1. समस्त डीन/निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी, परिसर, सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

**विषय :– आजादी अमृत महोत्सव एवं चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के अन्तर्गत स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी हुई अजादी के भूले बिसरे नायकों, क्रान्तिगीतों एवं प्रमुख घटनाओं पर पुस्तकों का प्रकाशन कराए जाने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के संलग्न पत्र संख्या–2426/सत्तर–3–2021 दिनांक 08 अक्टूबर, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो आजादी अमृत महोत्सव एवं चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के अन्तर्गत स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी हुई अजादी के भूले बिसरे नायकों, क्रान्तिगीतों एवं प्रमुख घटनाओं पर पुस्तकों का प्रकाशन कराए जाने के संबंध में है।

शासन के उक्त पत्र में आजादी का अमृत महोत्सव दिनांक 12 मार्च, 2021 से दिनांक 15 अगस्त, 2023 तक तथा चौरी–चौरा के ऐतिहासिक घटना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 04.02.2021 से दिनांक 04.02.2022 तक चौरी–चौरा शताब्दी समारोह पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है उक्त के अन्तर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं के महत्वपूर्ण तिथियों पर प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इस श्रृंखला में युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, साहस व आशावादी, सकारात्मक, विकासोन्मुख भावनाओं को जागृत करने तथा उत्तर प्रदेश के इतिहास को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता आंदोलन विशेषकर आजादी के भूले–बिसरे नायको, क्रान्तिगीतों एवं प्रमुख घटनाओं पर पुस्तकों का प्रकाशन कराये जाने व उसका संकलन एवं सम्पादन उच्च शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों एवं शोध विद्यार्थियों से कराते हुए 'राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत' के सहयोग से प्रकाशन कराये जाने का उल्लेख किया गया है।

अतः उपरोक्त दिशा–निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने/कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

/

डॉ0 (अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

*प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–*

1. समस्त डीन, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
2. कुलानुशासक, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
4. सिस्टम मैनेजर, संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के होम पेज पर एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के कालेज लागिंग पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
6. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव जी।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या-2426/सत्तर-3-2021

Circulate
AR (Admin)
08.10.2021

प्रेषक,

मोनिका एस० गर्ग
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ०प्र०,
प्रयागराज।

2. **कुलपति,**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. **कुलपति,**
समस्त निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा अनुभाग-3** **लखनऊः दिनॉक 08 अक्टूबर, 2021**

**विषयः- आजादी अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी समारोह के अन्तर्गत स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी हुई आजादी के भूले बिसरे नायकों, कान्तिगीतों एवं प्रमुख घटनाओं पर पुस्तकों का प्रकाशन कराए जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के संलग्न पत्र दिनांक 01 अक्टूबर, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आजादी अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी समारोह के अन्तर्गत स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी हुई आजादी के भूले बिसरे नायकों, कान्तिगीतों एवं प्रमुख घटनाओं पर पुस्तकों का प्रकाशन कराए जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए है।

2- अवगत है कि आजादी का अमृत महोत्सव दिनांक 12 मार्च, 2021 से 15 अगस्त, 2023 तक तथा चौरी-चौरा की ऐतिहासिक घटना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 04.02.2021 से 04.02.2022 तक चौरी-चौरा शताब्दी समारोह पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। उक्त के अन्तर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं की महत्वपूर्ण तिथियों पर प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, साहस व आशावादी, सकारात्मक, विकासोन्मुख भावनाओं को जागृत करने तथा उत्तर प्रदेश के इतिहास को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता आन्दोलन विशेषकर आजादी के भूले-बिसरे नायकों, कान्तिगीतों एवं प्रमुख घटनाओं पर पुस्तकों का प्रकाशन कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है जिसका संकलन एवं संपादन उच्च शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों एवं शोध विद्यार्थियों से कराते हुये 'राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत' के सहयोग से प्रकाशन कराया जाना है।

3- अतः आपसे अनुरोध है कि आजादी अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी समारोह के अन्तर्गत स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी हुई आजादी के भूले बिसरे नायकों, कान्तिगीतों एवं प्रमुख घटनाओं पर समस्त तथ्यों एवं अभिलेखों का विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों, शोध विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से उपरोक्तानुसार संकलन एवं संपादन कराने हेतु अपने निर्देशन में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायें तथा उन्हें पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को प्रकाशन हेतु यथाशीघ्र उपलब्ध करायें।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीया,

**(मोनिका एस० गर्ग)**
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–2426 (1)/सत्तर–3–2021, तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

(2) प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध सहित प्रेषित है कि उपलबध करायी गयी संकलित सामग्री के प्रकाशन हेतु आवश्यक व्यवस्था कराने का कष्ट करें।

(3) कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

(4) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

(5) अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद को इस निर्देश सहित प्रेषित कि कृत कार्यवाही की सूचना प्राप्त करते हुए प्रत्येक माह की 05 तारीख को उच्च शिक्षा अनुभाग–3 की ई–मेल आई0डी0 hesection.3@gmail.com पर संकलित सूचना उपलब्ध करायें।

(6) गार्ड फाइल।

आज्ञा से

( शमीम अहमद खान )
सचिव।

मुकेश कुमार मेश्राम
आई.ए.एस.
प्रमुख सचिव

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन

लखनऊ : दिनांक 01 अक्टूबर 2021

प्रिय महोदया,

आज़ादी की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' दिनांक 12 मार्च, 2021 से 15 अगस्त, 2023 तक तथा चौरी–चौरा की ऐतिहासिक घटना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 04 फरवरी, 2021 से 04 फरवरी, 2022 तक 'चौरी–चौरा शताब्दी समारोह' पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं की महत्वपूर्ण तिथियों पर प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, साहस व आशावादी सकारात्मक, विकासोन्मुख भावनाओं को जागृत करने तथा उत्तर प्रदेश के इतिहास को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता आन्दोलन विशेषकर आज़ादी के भूले–बिसरे नायकों, क्रान्तिगीतों एवं प्रमुख घटनाओं पर पुस्तकों का प्रकाशन कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है, जिसका संकलन एवं संपादन उच्च शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों एवं शोध विद्यार्थियों से कराते हुए 'राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत' के सहयोग से प्रकाशन कराया जाना है।

अपर मुख्य सचिव कार्यालय
प्राप्त दिनांक 05/10/2021

अतः आपसे अनुरोध है कि 'आज़ादी अमृत महोत्सव' एवं 'चौरी–चौरा शताब्दी समारोह' के अन्तर्गत स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़ी हुयी विशेषकर आज़ादी के भूले–बिसरे नायकों पर आधारित पुस्तकों का उपरोक्तानुसार प्रकाशन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

सादर,

भवदीय

1/10/2021
( मुकेश कुमार मेश्राम )

महत्वपूर्ण
प्रमुख सचिव/अनु-3
05-10-2021

संख्या: 7555 /VIP-PSHED/2020

2001/PSHE/21
सचिव/VS(AS)/SO-3
05/10/21

श्रीमती मोनिका एस. गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

( मोनिका एस० गर्ग )
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।